# गुड़गांव इमेज

बुधवार, 6 नवम्बर 2019


## एक और बैंक घोटाले की चपेट में

पंजाब एंड महाराष्ट्र सहकारी बैंक में गड़बड़ी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया जाना यही बताता है कि एक और बैंक घोटाले की चपेट में आ गया। यह ठीक नहीं कि सरकारी बैंकों के कामकाज के बाद सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली भी संदेह के दायरे में आ गई। इसका सीधा मतलब है कि बैंकों का नियमन और उनके कामकाज की निगरानी सही तरह नहीं हो रही है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि पंजाब एंड महाराष्ट्र बैंक के बर्खास्त प्रबंध निदेशक ने यह मान लिया कि निदेशक मंडल ने एनपीए की वास्तविक स्थिति छिपाई। सवाल है कि जब निदेशक मंडल के सदस्य हेराफेरी कर रहे थे तो वह स्वयं क्या कर रहे थे? उनकी मानें तो ऑडिट करने वालों ने भी अपना काम सही तरह नहीं किया। पता नहीं सच क्या है, लेकिन ऑडिट के नाम पर खानापूरी का यह पहला मामला नहीं। पंजाब एंड महाराष्ट्र बैंक की ओर से कुछ ऐसी कंपनियों और खासकर एचडीआइएल नामक कंपनी को जरूरत से ज्यादा कर्ज दे दिया गया। वह कर्ज लौटाने की स्थिति में ही नहीं थी। यह भी हो सकता है कि उसका कर्ज लौटाने का इरादा ही न हो। भले ही इस कंपनी के अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया हो, लेकिन बात तो तब बनेगी जब इस बैंक को ठगने और लाखों बैंक उपभोक्ताओं के भरोसे का खून करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नि:संदेह सख्त कार्रवाई की जद में वे भी आने चाहिए जिनके दखल से अपात्र लोगों को भारी-भरकम कर्ज दिया गया। यह दखल राजनीतिक लोगों का ही रहा होगा, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि सहकारी बैंक नेताओं या फिर उनके सगे-संबंधियों की मनमानी का अड्डा बन गए हैं। इसका एक उदाहरण महाराष्ट्र सहकारी बैंक में वह घोटाला है जिसमें शरद पवार के खिलाफभी मामला दर्ज किया गया है। यह ठीक है कि रिजर्व बैंक अब सहकारी बैंकग क्षेत्र में बड़े बदलाव पर विचार कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि यह ख्याल एक और घोटाला सामने आने के बाद ही क्यों आया? इस सवाल से सरकार को भी दो-चार होना होगा, क्योंकि वह इससे अनजान नहीं हो सकती कि सहकारी बैंक दोहरे नियमन से गुजर रहे हैं। ये बैंक रिजर्व बैंक के दायरे में तो हैं, लेकिन उन पर वास्तविक नियंत्रण सहकारी समितियों का होता है। इन समितियों पर आम तौर पर नेताओं का कब्जा होता है और वे सहकारी बैंक चलाने के नाम पर बंदरबाट ही अधिक करते हैं। कम से कम अब तो ऐसे कदम उठाए ही जाने चाहिए जिससे हर तरह के बैंक घपलेबाजी से बचे रह सकें।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं प्रधान सम्पादक **सुनीता चौहान** के द्वारा सूर्य प्रिन्टर्स, 60 गंगारामपुरा, मुजफ्फरनगर-251001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय 'गुड़गांव इमेज' 22 ए, सूर्या विहार, सामने सैक्टर-4, पुलिस चौकी, गुड़गांव (हरियाणा) से प्रकाशित किया।

☎ 01242330744, 9873432744

प्रधान सम्पादक: **सुनीता चौहान**

**Email: gurgaon_image@yahoo.com**

**www.gurgaonimage.com**


# मामला कैजुअल वर्कर्स की छंटनी का होण्डा मोटर्स प्रबंधन व श्रमिकों के बीच बैठकों का दौर जारी

### कैजुअल वर्कर्स डटे हैं कंपनी परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से प्रतिष्ठान में भारी पुलिस बल तैनात



कंपनी परिसर में डटे श्रमिक।

**गुरूग्राम (नि.स.)।** आईएमटी मानेसर स्थित दोपहिया वाहन निर्मात्री होण्डा मोटर्स प्रबंधन ने आर्थिक मंदी के चलते ठेकेदार के श्रमिकों (कैजुअल) की संख्या कम करने का निर्णय लिया है और इनकी छंटनी भी शुरु कर दी है, जिससे श्रमिकों में रोष व्याप्त होता जा रहा है। ठेकेदार के श्रमिक कंपनी परिसर में डेरा डाले पड़े हैं। प्रात: से ही कंपनी प्रबंधन व श्रम विभाग के उप श्रमायुक्त अजय पाल डूडी की उपस्थिति में कंपनी प्रबंधन व होण्डा मोटर्स एम्पलायज यूनियन के बीच बैठकों का दौर जारी रहा। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं हो पाया था। उधर जिला प्रशासन ने भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में प्रतिष्ठान के आस-पास पुलिस बल तैनात किया हुआ है, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। होण्डा श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष कामरेड सुरेश गौड़ व श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार ने कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी प्रबंधन आर्थिक मंदी की आड़ में ठेकेदार के श्रमिकों को नौकरी से निकालने पर तुली हुई है। इससे पूर्व भी प्रबंधन बड़ी संख्या में ठेकेदार के श्रमिकों को नौकरी से निकाल चुकी है। उनका कहना है कि दीपावली से पूर्व कंपनी प्रबंधन ने इन श्रमिकों के साथ बैठक कर समझौता किया था कि उनके लिए नीति बनाई जाएगी। जब तक कोई नीति नहीं बनाई जाती, तब तक उन्हें नौकरी से नहीं निकाला जाएगा, लेकिन प्रबंधन ने समझौते की शर्तों का उल्लंघन करते हुए ठेकेदार के सैकड़ों श्रमिकों को नौकरी से निकालने का फरमान जारी कर दिया। कंपनी प्रबंधन उनका जबरदस्ती फुल एंड फाइनल करने पर तुली हुई है। कंपनी प्रबंधन की इस कार्यवाही की सूचना श्रम विभाग के उग्र अधिकारियों को दे दी गई है और उन्हीं की उपस्थिति में दोनों पक्षों की बैठकें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि नियमित श्रमिक कंपनी में अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। उन्होंने ठेकेदार के श्रमिकों से आग्रह किया कि वे शांति बनाए रखें, उनके साथ बुरा नहीं होने दिया जाएगा।

# श्रमिक यूनियन ने होंडा प्रबंधन पर लगाए आरोप

### ❒ आर्थिक मंदी की आड़ में कैजुअल वर्कर्स की नौकरी छाया संकट: कामरेड सुरेश गौड़

**गुरूग्राम (नि.स.)।** आर्थिक मंदी से जूझते हुए ऑटोमोबाइल क्षेत्र स्थित कंपनियों में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। आइएमटी क्षेत्र स्थित दोपहिया वाहन निर्मात्री जापानी कंपनी होंडा मोटर्स प्रबंधन ने भी आर्थिक मंदी के कारण कैजुअल वर्कर्स को काम पर न लेने का निर्णय लिया है। उक्त आरोप होंडा मोटर्स श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाली होंडा मोटर्स श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष कामरेड सुरेश गौड़ ने लगाते हुए कहा कि प्रबंधन आर्थिक मंदी का सहारा लेकर और इसकी आड़ में कैजुअल वर्कर्स को निकालने की कार्यवाही करने पर आमादा है। उन्होंने बताया कि दिपावली से पूर्व कैजुअल वर्कर्स ने नौकरी से न निकाले जाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल तक भी कर डाली थी लेकिन श्रमिक यूनियन व श्रम विभाग के हस्तक्षेप से फैसला हुआ था कि इन कैजुअल वर्कर्स के लिए नई नीति बनाई जाएगी। जब तक नीति नहीं बनाई जाती, तब तक किसी भी कैजुअल वर्कर को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा। यूनियन अध्यक्ष ने कंपनी प्रबंधन

**❒ श्रमिकों में रोष, श्रम विभाग के अधिकारी करेंगे प्रबंधन से बैठक**

पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन ने समझौते का उल्लंघन करते हुए सोमवार को बी शिफ्ट में कैजुअल वर्कर्स को इसलिए बुलाया था ताकि उनका फुल एंड फाइनल किया जा सके। कैजुअल वर्कर्स कंपनी में आए तो अवश्य लेकिन उन्होंने हिसाब लेने से मना करते हुए श्रमिक यूनियन से गुहार लगाई कि कंपनी प्रबंधन को रोका जाए कि उनका हिसाब न किया जाए। श्रमिक नेता का कहना है कि श्रम विभाग के उच्चाधिकारियों से भी इसको लेकर संपर्क किया जा चुका है और वे आज मंगलवार को कंपनी प्रबंधन व श्रमिक यूनियन के साथ बैठक कर मामले का निपटारा कराने का प्रयास करेंगे।

श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष का यह भी कहना है कि कंपनी प्रबंधन की इस कार्यवाही से श्रमिकों में रोष व्याप्त होता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाए कि कंपनी प्रबंधन इससे पूर्व भी बड़ी संख्या में कैजुअल वर्कर्स को आर्थिक मंदी का हवाला देते हुए नौकरी से निकाल चुकी है। ये वर्कर्स रोजी-रोटी की तलाश में दरबदर भटक रहे हैं।

## जन्म प्रमाण पत्र में नाम लिखवाने की आखिरी तिथि 31 दिसम्बर

**गुरूग्राम (नि.स.)।** अगर आपका जन्म वर्ष 2002 से पहले हुआ है और आपने अभी तक अपने जन्म प्रमाण-पत्र में अपना नाम दर्ज नहीं करवाया है, तो 31 दिसम्बर 2019 से पहले करवा लें।

इस बारे में जानकारी देते हुए नगर निगम गुरूग्राम के मैडीकल ऑफिसर डा. आशीष सिंगला ने बताया कि सरकार द्वारा वर्ष 2002 से पहले दर्ज जन्म घटनाओं के रिकार्ड में नाम के खाली कॉलम में नाम लिखने की अवधि 31 दिसम्बर 2019 तक बढ़ाई गई है। जन्म प्रमाण पत्र में नाम के खाली कॉलम में नाम लिखवाने का मात्र दो माह का समय शेष रह गया है। इसके पश्चात वर्ष 2002 से पहले के जन्म रिकार्ड में बच्चे के नाम के खाली कॉलम में नाम नहीं लिखा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह आखिरी मौका दिया है। अत: जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों का नाम नहीं लिखवाया है, वे निश्चित अवधि तक नाम लिखवा लें।

# मामला न्यायाधीश की पत्नी व पुत्र की हत्या का

### गवाहों की हुई गवाहियां, अगली सुनवाई 16 को

**गुरूग्राम (नि.स.)।** जिला अदालत में कार्यरत तत्कालीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णकांत की पत्नी व पुत्र की उनके ही सुरक्षाकर्मी द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने के मामले की सुनवाई मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर परमार की अदालत में हुई। जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में 2 गवाहों की गवाहियां अभियोजन पक्ष द्वारा कराई गई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने दोनों गवाहों से जिरह भी की। आरोपी महिपाल को भी सुनवाई के लिए अदालत में लाया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 16 नवम्बर को होगी। इस तारीख पर भी गवाहों की गवाहियां कराई जाएंगी। अदालत द्वारा इन गवाहों को नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष 13 अक्तूबर को सैक्टर 49 स्थित आर्केडिया मार्किट में खरीददारी करने के लिए जिला अदालत में कार्यरत तत्कालीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णकांत की पत्नी रितु व पुत्र ध्रुव न्यायाधीश के सुरक्षाकर्मी महीपाल के साथ कार में गए थे। जब वे खरीददारी कर वापिस आए तो सुरक्षाकर्मी महिपाल उन्हें कार के पास नहीं मिला था। काफी देर बाद जब महिपाल आया तो मां-बेटे ने नाराजगी जाहिर की थी। बताया जाता है कि तभी महिपाल ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से दोनों के ऊपर गोलियां चला दी थी, जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गए थे। रितु ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था, जबकि उपचार के दौरान गंभीर रुप से घायल ध्रुव की कई दिन बाद अस्पताल में मौत हो गई थी।

# ग्रैप के तहत नगर निगम गुरुग्राम की कार्रवाई जारी

## सडकों व पेड़ों पर पानी का छिडकाव, मैकेनाईज्ड स्वीपिंग करने सहित ग्रैप का उल्लंघन करने वालों के किए जा रहे हैं चालान

**गुरूग्राम ( नि.स. )।** पर्यावरणीय प्रदूषण (रोकथाम एवं नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) द्वारा पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए तैयार ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत नगर निगम गुरूग्राम लगातार कार्रवाई कर रहा है। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त अमित खत्री ने बताया कि ग्रैप की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए नगर निगम की टीमें क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही हैं तथा उल्लंघनकर्ताओं के नियमानुसार चालान किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईपीसीए द्वारा क्षेत्र में 5 नवम्बर तक सभी प्रकार की निर्माण गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है, इसलिए जिन स्थानों पर निर्माण चल रहे थेए उन्हें बन्द करवाया गया है। इसके साथ ही धूल को उडने से रोकने के लिए सडकों और पेड़ों पर पानी का छिडकाव तथा मैकेनिकल स्वीपिंग की जा रही है। नगर निगम द्वारा रात्रि के समय राजीव चौक से रेलवे स्टेशनए स्टार मॉल से सैक्टर.45 रैडलाईट, इफ्को चौक से आयानगर तथा मेदान्ता अस्पताल से बख्तावर चौक तक स्वीपिंग मशीनों से सफाई करवाई गई। उन्होंने बताया कि नगर निगम की बागवानी तथा दमकल शाखा द्वारा मुख्य सडकों और पेड़ों पर पानी का छिडकाव लगातार जारी है। इसी कड़ी में सोहना चौक से राजीव चौक, महावीर चौक से महाराणा प्रताप चौक, महावीर चौक से अतुल कटारिया चौक, अतुल कटारिया चौक से सैक्टर.5ए सैक्टर.15 पार्ट.1 की अंदरूनी सडकें, पटौदी चौक से उमंग भारद्वाज चौक, न्यू कॉलोनी मोड़ से रेलवे स्टेशन, उमंग भारद्वाज चौक से हीरो होंडा चौक, 4/8 मरला से शक्ति नगर, बसई चौक से उमंग भारद्वाज चौक, बख्तावर चौक से हीरो होंडा चौक, राजीव चौक से मेफील्ड गार्डन, विकास सदन, सैक्टर.4/7 चौक से बसई चौक, वाटिका चौक से घाटा तथा महावीर चौक से सुखराली तक पानी का छिडकाव किया गया। इस कार्य के लिए सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट का ट्रिटिड पानी उपयोग में लाया जा रहा है।



# आफताब अहमद बने कांग्रेस विधायक दल के उपनेता

**गुरूग्राम ( नि.स. )।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने कांग्रेस विधायक दल नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा आफताब अहमद को विधायक दल का उपनेता, राव दानसिंह को सचिव, धर्मसिंह छौंकर को कोषाध्यक्ष, भारत भूषण बत्तरा को मुख्य सचेतक व नीरज शर्मा, चिरंजीव राव, शीशपाल सिंह को सचेतक नियुक्त करने का स्वागत करते हुए हरियाणा कांग्रेस विधायक दल के नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। विद्रोही ने कहा कि विधायक दल के इन पदाधिकारियों की नियुक्ति से विधानसभा में जनमुद्दों को उठाने व सरकार की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करने में कांग्रेस को और धार मिलेगी। वहीं विद्रोही ने हरियाणा विधानसभा 2019 के प्रारंभिक सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण को दिशाहीन, नीरस बताया जिसमें न तो भाजपा सरकार की पूर्व सरकार की उपलब्धियों की चर्चा है और न ही भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार का विकास का भविष्य का कोई रोड मैप है। अभिभाषण से साफ है कि राज्यपाल ने मात्र औपचारिकता निभाई है।

वहीं राज्यपाल के इस अभिभषाण से इंगित होता है कि जनता द्वारा ठुकराये जाने पर भाजपा में भारी मायूसी है और वह जजपा के साथ मिलकर प्रभावी तालमेल नही बना सकी है। विद्रोही ने कहा कि इस अभिभाषण से हरियाणा किसान, मजदूरों, मेहनतकशों, गरीबों, व्यापारियों, कर्मचारियों, उद्योगपतियों व आमजनों को निराशा व जुमलों के सिवाय कुछ नही मिला और भविष्य के प्रति निराशा का भाव उपजा है। हरियाणा विधानसभा चुनाव 2019 के प्रथत सत्र में ही जिस तरह कांग्रेस ने प्रभावी विपक्ष की भूमिका निभाकर भाजपा-जजपा सरकार को घेरा है व सरकारी पक्ष कांग्रेस के सवालों का प्रभावी व सार्थक जवाब देने में अक्षम रहा है, उससे साफ दिख रहा है कि आने वाले पांच सालों में भाजपा-जजपा सरकार को कांग्रेस के रूप में प्रभावी, रचनात्मक विपक्ष का सामना करना पड़ेगा। विद्रोही ने कहा कि कांग्रेस ने जनादेश के अनुरूप विधानसभा में व सड़कों पर प्रभावी विपक्ष की भूमिका निभानी प्रारंभ कर दी है। विधानसभा सत्र की समाप्ति के तुरंत बाद हरियाणा कांग्रेसजन 7 से 14 नवम्बर तक सड़कों पर उतरकर मोदी-भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, आर्थिक बदहालीए बढ़ती रोजगारी व आमजनों की समस्याओं को लेकर जनसंघर्ष करेंगे।

# भागवत सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्तिः श्रीकृष्ण मुरारी



**गुरूग्राम ( नि.स. )।** पालम विहार स्थित गऊशाला कार्टरपुरी में श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य पंडित श्रीकृष्ण मुरारी शास्त्री जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता हिन्दुओं के पवित्रतम ग्रन्थों में से एक है। महाभारत के अनुसार कुरुक्षेत्र युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने गीता का सन्देश अर्जुन को सुनाया था। वह महाभारत के भीष्म पर्व के अन्तर्गत दिया गया एक उपनिषद् है। भगवत गीता में एकेश्वरवाद, कर्म योग, ज्ञानयोग, भक्ति योग की बहुत सुन्दर ढंग से चर्चा हुई है।

कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों गणमान्य लोगों के साथ बड़ी ही संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। पंडित श्री कृष्ण मुरारी जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता की पृष्ठभूमि महाभारत का युद्ध है। जिस प्रकार एक सामान्य मनुष्य अपने जीवन की समस्याओं में उलझकर किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाता है और जीवन की समस्यायों से लड़ने की बजाय उससे भागने का मन बना लेता है। उसी प्रकार अर्जुन जो महाभारत के महानायक थेए अपने सामने आने वाली समस्याओं से भयभीत होकर जीवन और क्षत्रिय धर्म से निराश हो गए थे। अर्जुन की तरह ही हम सभी कभी-कभी अनिश्चय की स्थिति में या तो हताश हो जाते हैं या फिर अपनी समस्याओं से विचलित होकर भाग खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष के ऋषियों ने गहन विचार के पश्चात जिस ज्ञान को आत्मसात किया उसे उन्होंने वेदों का नाम दिया। इन्हीं वेदों का अंतिम भाग उपनिषद् कहलाता है। मानव जीवन की विशेषता मानव को प्राप्त बौद्धिक शक्ति है और उपनिषदों में निहित ज्ञान मानव की बौद्धिकता की उच्चतम अवस्था तो है ही, साथ में बुद्धि की सीमाओं के परे मनुष्य क्या अनुभव कर सकता है उसकी एक झलक भी दिखा देता है। इस मौके पर जिला उपायुक्त की माता श्रीमती कृष्णा देवी ने कहा कि श्रीमद् भागवत सुनने मात्र से मोक्ष की प्राप्ति होती है हमें महीने में एक बार भागवत गीता को सुनना चाहिए या जब भी मौका लगे हमें भागवत गीता का अध्ययन करना चाहिए। इससे हमारे कष्ट दूर होते हैं और हम उन्नति की ओर बढ़ते हैं। कथा में पहुंचे गुड़गांव विकास मंच के सचिव अजय शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म विश्व के धर्मों में सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए सारी दुनिया शांति की खोज में भारत की ओर आती है और हमारे विचारों सेए हमारी संस्कृति से प्रत्येक मनुष्य का भला होता है। इसलिए हमें आध्यात्मिक जरूर होना चाहिए। इस अवसर पर समाज सेवी मनोहर लाल, बलजीत यादव, भगवान दास शर्मा, आचार्य राकेश शर्मा, सोमदत्त शर्मा, गायककार आनन्द शर्मा आदि सैंकड़ों श्रोतागण उपस्थित थे।

# सामाजिक संस्था मित्र सभा द्वारा आर्य समाज मंदिर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया

**गुरूग्राम ( नि.स. )।** सामाजिक संस्था मित्र सभा द्वारा सैक्टर 4 स्थित आर्य समाज मंदिर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में युवा समाजसेवी मोहित ग्रोवर शामिल हुए।

संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मोहित ग्रोवर का बुके देकर व फूलमालाओं से स्वागत किया। मोहित ग्रोवर ने संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि संस्था समाज को एकसूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है। अन्य संस्थाओं को मिलकर समाज के उत्थान व एकजुट करने के लिए कार्य करने चाहिए। हर जरुरतमंद व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि संस्था उन्हें जब भी बुलाएगी वह हर कार्यक्रम में शामिल होंगे और हरसंभव सहयोग करेंगे। श्री ग्रोवर ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान गुरुग्राम की जनता ने उन्हें भरपूर प्यार व समर्थन दिया, जिसका वह हमेशा ऋणी रहेंगे। गुरुग्राम विधानसभा को जनता की हकों की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी।

क्षेत्र की जनता को न्याय दिलाने के लिए वह हमेशा तत्पर हैं। भविष्य में भी क्षेत्र की जनता के हर सुख.दुख में साथ खड़ा रहूंगा। समस्याओं के समाधान के लिए जनता की आवाज बुलंद करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि वह जनसेवा में आगे भी कोई कमी नहीं आने देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता ने मेरा सहयोग करते हुए चुनाव में रात-दिन काम किया। मैं उनके कठिन परिश्रम के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं। मोहित ग्रोवर ने कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ नागरिक एलजे जुनेजा को शॉल ओढाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक धर्मसागर, अध्यक्ष एचएल अरोड़ा, सुधीर सेवक, विजय भगत, पीसी गुप्ता, नंदलाल मक्कड़, विजय मग्गु, नवीन गुगलानी, सीके गुलाटी, बीके बजाज, एमके बहल, सुभाष दीवान, चंद्रशेखर शर्मा, नरेंद्र वासन, एमएल संधू, केएल नागपाल आदि सदस्य मौजूद रहे।



# रैपिड एक्शन फोर्स के सदस्यों ने जिला के कई क्षेत्रों का दौरा किया

## लोगों को प्राकृतिक आपदा भूकम्प व बाढ से निपटने की जानकारी दी




**गुरूग्राम ( नि.स. )।** गुरूग्राम जिला में प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, बाढ़ या कानूनी व्यवस्था बाधित होने की स्थिति उत्पन्न होने पर उससे कैसे निपटा जाएं आदि की तैयारियों के चलते आज रैपिड एक्शन फोर्स के सदस्यों ने जिला के कई क्षेत्रों का दौरा किया। टीम के सदस्यों ने जिला में विभिन्न क्षेत्रों का मुआयना कर भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आज उपायुक्त अमित खत्री से भी मुलाकात की और उनसे जिला संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी हासिल की।

रैपिड एक्शन फोर्स की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए द्वितीय कमान अधिकारी केवल किशन ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स की टीम द्वारा जिलों की भौगोलिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ वहां के प्रतिष्ठित लोगोंए सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे स्टेशनए बस स्टैंडए स्कूलों व कॉलेजों आदि में जाकर लोगों से मुलाकात की जा रही है। उन्होंने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स की टीम द्वारा जिला में विशेष रूप से दंगा नियंत्रण पर अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दंगा नियंत्रण को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स द्वारा जिलों में पहले से ही स्टडी की जाती है ताकि आपदा की स्थिति में दंगा नियंत्रित करने को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा 9 नवंबर तक जिला में विभिन्न क्षेत्रों सहित पुलिस थानों का दौरा किया जाएगा। इस टीम में 40 सदस्य है जो जिला के अलग.2 भागों में जाएंगे।

टीम के सदस्यों ने जिला उपायुक्त से मिलकर जिला के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। श्री खत्री ने टीम के सदस्यों को जिला प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने कहा कि गुरूग्राम जिला प्रदेश के अत्यंत महत्वपूर्ण जिलों में से एक हैए ऐसे में जरूरी है कि यहां पर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की एक्सरसाइज की जाए।

टीम के सदस्यों ने आज बादशाहपुर तथा भौंडसी थाने में भी जाकर वहां पर पुलिसकर्मियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स की टीम द्वारा हर साल इस प्रकार की एक्सरसाइज की जाती है ताकि कानून व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन की मदद की जा सके। उन्होंने बताया कि टीम के सदस्यों द्वारा प्रदेश के दो अन्य जिलों जींद व रोहतक का भी दौरा किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक कमान अधिकारी जगवीर सिंह, 194 बटालियन से निरीक्षक ओ पी तिवार उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग गुरूग्राम द्वारा इलैक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया

**गुरूग्राम ( नि.स. )।** स्वास्थ्य विभाग गुरूग्राम द्वारा आज इलैक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (इविन) को लेकर आज जिला के होटल पार्क इन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 78 वैक्सीनेशन कॉल्ड चैन हैंडलरो ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रशिक्षार्णियों को ईविन मोबाइल एप डाउनलोडिड स्मार्ट फोन भी वितरित किए गए।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को हरियाणा में करवाने वाला गुरुग्राम प्रदेश का पहला जिला है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोल्ड चैन प्वाइंटस पर वैक्सीन यानि टीकों के भंडारण, प्रवाह तथा भंडारण के तापमान के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि इलैक्ट्रॉनिक वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (इविन) एक मोबाइल एप है जिसके माध्यम से वैक्सीन के तापमान को मॉनीटर किया जाएगा।

इसके अलावा ए इस एप के माध्यम से टीकों का भंडारण संबंधी जानकारी भी मिल सकेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूनाइटेड नेशन डैव्लपमेंट प्रोजैक्ट से सीनियर प्रौजेक्ट ऑफ्सिर डा. अजय वर्मा ने बताया कि पहले भंडार केन्द्रों पर टीको का स्टॉक आवश्यकता से अधिक होता था या खाली हो जाने के बाद इसकी जानकारी मिलती थी लेकिन अब इस एप के माध्यम से टीकों संबंधी जानकारी का विशाल भंडार तैयार कर लिया गया है जिसके विश्लेषण से कार्यवाही करने योग्य उपाय निकलते हैं और ठोस जानकारी के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा।

सिविल सर्जन डा. जे एस पूनिया ने बताया कि इस एप के माध्यम से वैक्सीन की खराब होने संबंधी सूचना भी मिलेगी। इस एप के माध्यम से स्टॉक एकदम खाली हो जाने की घटनाएं काफी कम हो गई हैं और घटे हुए स्टॉक की भरपाई करने में लगने वाला समय भी औसतन आधे से कम हो गया है।

उन्होंने बताया कि यह खर्च हुए टीकों की भरपाई में लगने वाले समय ए आपूर्ति और खपत की पूरी तस्वीर दिखाकर कोल्ड चैन प्रबंधकों को प्रमाण सहित आधारित




निर्णय लेने में सहायक है। इस एप के माध्यम से वैक्सीन इंवेटरी को डिजीटल रूप में दर्ज किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि ईविन एप वैक्सीन प्रवाह नेटवर्क को व्यवस्थित कर, स्वास्थ्य सेवा तंत्रो को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डा. जयप्रकाश एयूएनडीपी से प्रौजेक्ट ऑफिसर आईटी रणधीर सिंह व बिजेन्द्र सिंह, बंधु परिहार, विकास, जगमोहन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# प्रदूषण के खिलाफ जनसेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच ने लोगों के बीच बांटे मास्क

## हुड्डा सिटी सेंटर, इफ्को चौक, राजीव चौक, हीरो होंडा चौक, सिद्देश्वर चौक पर बांटे गए मास्क




**गुरूग्राम ( नि.स. )।** जनसेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच की ओर से प्रदूषण के खिलाफ आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से सुबह नगर के हुड्डा सिटी सेंटर, इफ्को चौक, राजीव चौक, हीरो होंडा चौक, सिद्धेशर चौक पर लोगों के बीच मास्क बांटे गए। संस्था के अध्यक्ष एवं संस्थापक रणधीर राय ने बताया कि इस दौरान करीब 5 हजार मास्क बांटे गए और लोगों को स्मॉग के खिलाफ जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गुरुगाम में प्रदूषण का स्तर खतरनाक रूप ले लिया है। इस वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। अस्पतालों में दमा के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। अगर सरकार व प्रशासन ने इस बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित नहीं किया तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

वहीं संस्था के महासचिव शंभू प्रसाद ने कहा कि गुरुग्राम के वातावरण में स्मॉग इतना ज्यादा हो गया है कि सूरज की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पा रही हैं। वातावरण में चारों ओर घनी धुंध छाई हुई रह रही है। स्थिति इतनी खतरनाक है कि दिन में ही शाम का अहसास होता है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि अगर सेहत बचाना है तो घर से बाहर मास्क लगाकर निकले। विशेषकर वाहन चालक तो जरूर मास्क लगाकर निकले। उन्होंने कहा कि धुंध के कारण वाहन चालकों को आखों में जलन व सांस लेने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने प्रशासन से भी सड़कों पर लगातार पानी छिड़काव करने की मांग की।

जनसेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के प्रवक्ता राजेश तिवारी ने बताया कि दिल्ली से भी ज्यादा गुरुग्राम में प्रदूषण है पर सरकार इस बात को गंभीरता से नहीं ले रही है।

उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे घर से बाहर बहुत जरूरी होने पर ही बाहर निकले। इसके अलावा धूल और धुंआ से बचे। मास्क बांटने के अभियान में जनसेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के अध्यक्ष रणधीर राय, महासचिव शंभू प्रसाद, राजेश तिवारी, रणधीर सिंह, राजेश कुमार, दिवाकर, अशोक कुशवाहा, आलोक सिंह, नन्हकू तिवारी, शिव कुमार यादव, शिवदास, ब्रजभूषण, अर्पित राय, ज्ञान बहादुर, आयुष कुमार, आनंद पांडेय, अजीत आदि शामिल थे।